# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, प्रथम तल, ब्लॉक–6, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन:– 0141–2708739 E-mail: rajsmsa.training@gmail.com

क्रमांक : रास्कूलशिप/जय/प्रशिक्षण/ /2018–19/ 10725 दिनांक : 16-01-2019


मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले।

विषय – "परीक्षा पे चर्चा 2.0" प्रतियोगिता में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से ऑन लाईन भागीदारी बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि 29 जनवरी, 2019 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों, शिक्षकों और माता–पिता के साथ परीक्षा पर चर्चा करेंगे। इस चर्चा में भाग लेने के लिये कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्रों, उनके माता–पिता और शिक्षकों को ऑन लाईन प्रतियोगिता में भाग लिया जाना है।

**आपको निर्देशित किया जाता है कि स्वयं के जिले से कम से कम बीस छात्र तथा तीन शिक्षक, तीन अभिभावकों को इस प्रतियोगिता में दिनांक 17 जनवरी, 2019 तक ऑन लाईन आवेदन कराया जाना सुनिश्चित करें।** ऑन लाईन आवेदन की प्रक्रिया निम्नानुसार है –

- www.mygov.in पर क्लिक करे तथा इसे सर्वप्रथम हिन्दी वर्जन में चयनित करें।
- परीक्षा पे चर्चा 2.0 को क्लिक करें।
- नीचे दिए गए "लॉग इन एंड पार्टसिपेट" बटन पर क्लिक करके परीक्षा पे चर्चा 2.0 प्रतियोगिता में भाग लें।



- इसके लिये प्रतिभागी से रजिस्ट्रेशन करवाएं तथा निर्देशानुसार लॉग इन करके प्रतियोगिता में संलग्नानुसार पूर्ति करावें।

(सुरेश चन्द्र)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम

www.rajteachers.com

क्रमांक: रास्कूलशिप / जय / प्रशिक्षण / 2018–19 / 10725 दिनांक: 16-01-2019
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राज0 सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
5. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले को पालनार्थ।
6. कार्यालय प्रति।

कार्यालय - अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान बाड़मेर
क्रमांक 2018-19/2250 दिनांक 17/1/19

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समस्त ब्लॉक) जिला बाड़मेर
को मूल ही भेजकर निर्देशित किया जाता है कि पालना सुनिश्चित करें।

Scanned by CamScanner

अति. जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान, बाड़मेर

GOVERNMENT OF INDIA

my GOV

Ministry of Human Resource Development (MHRD)

Do | Discuss | Poll/Surv | Blog | Talk

## परीक्षा पे चर्चा 2.0




परीक्षा-पे-चर्चा-2.0 के बारे में

साल का यह वो समय है, जब हमारे कई युवा साथी बोर्ड तथा अन्य प्रवेश परीक्षाएं देंगे। पिछले साल परीक्षा पे चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के कई छात्रों के साथ बातचीत की। 29 जनवरी, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर छात्रों, शिक्षकों और माता-पिता के साथ चर्चा करेंगे।

**हम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा के एक नए रोमांचक संस्करण परीक्षा पे चर्चा 2.0 के लिए आमंत्रित कर रहे हैं!**

नीचे दिए गए **"लॉग इन एंड पार्टिसिपेट"** बटन पर क्लिक करके परीक्षा पे चर्चा 2.0 प्रतियोगिता में भाग लें।

**प्रतियोगिता केवल कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्रों, स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के लिए है।**

**चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिलेगा!** 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले छात्रों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद के दौरान श्रेष्ठ प्रतिक्रियाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

www.rajteachers.com

Scanned by CamScanner

नियम एवं शर्तें

निम्न गतिविधियों में भाग लेकर आप भी 29 जनवरी, 2019 को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा 2.0 कार्यक्रम में शामिल होने का मौका पा सकते हैं।

1. नीचे दिए गए **"लॉग इन एंड पार्टिसिपेट"** बटन पर क्लिक करके परीक्षा पे चर्चा 2.0 प्रतियोगिता में भाग लें।

**• कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए प्रतियोगिता के प्रश्न:**

**-रोचक कैप्शन प्रतियोगिता:** अपनी रचनात्मकता दिखाएं। परीक्षा पे चर्चा 2.0 प्रतियोगिता में दी गई छवि के लिए एक कैप्शन का सुझाव दें। कैप्शन 150 वर्णों से अधिक नहीं होना चाहिए। मूल, सटीक, विनोदपूर्ण और सार्थक कैप्शन को ही चुना जाएगा।

**-आई एम इंस्पार्यड प्रतियोगिता:** क्या 'एग्जाम वारियर्स' की पुस्तक ने आपको परीक्षा, या जीवन को अलग तरह से देखने के लिए प्रेरित किया? यह कोई मंत्र हो सकता है, एक अवधारणा हो सकती है, या यह संपूर्ण 'एग्जाम वॉरियर्स' की किताब हो सकती है। हमें कोई ऐसा उदाहरण या स्थिति बताएं जिससे निपटने या इस परिस्थिति में कुछ अलग करने के लिए 'एग्जाम वॉरियर्स' ने आपको प्रेरित किया। प्रविष्टियाँ वीडियो (60 सेकंड तक के Youtube वीडियो का URL) और टेक्स्ट (अधिकतम 500 अक्षर) दोनों में हो सकती हैं।

**• 25 वर्ष से कम आयु के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए प्रतियोगिता के प्रश्न:**

**-रोचक कैप्शन प्रतियोगिता:** अपनी रचनात्मकता दिखाएं। परीक्षा पे चर्चा 2.0 प्रतियोगिता में दी गई छवि के लिए एक कैप्शन का सुझाव दें। कैप्शन 150 अक्षरों से अधिक नहीं होना चाहिए। मूल, सटीक, विनोदपूर्ण और सार्थक कैप्शन के चुने जाएंगें।

**-मेरी सफलता का मंत्र:** एग्जाम वारियर तैयार करने में हर छात्र कुछ न कुछ योगदान दे सकता है। अगर इस तरह की सलाह एक बेहद अनुभवी एग्जाम वारियर से मिलती है तो यह और भी उपयोगी हो जाता है। अपनी अंतर्दृष्टि और सफलता के मंत्र से अन्य परीक्षार्थियों को प्रेरित करें। इससे संबंधित प्रविष्टियां एक वीडियो के रूप में हो सकती हैं (Youtube वीडियो का URL 60 सेकंड से अधिक नहीं) या टेक्स्ट (अधिकतम 500 कैरेक्टर)।

**• शिक्षकों के लिए प्रतियोगिता:**

**-शिक्षकों की सलाह:** शिक्षक शिक्षण में माहिर होते हैं, चाहे वह पाठ्यक्रम से संबंधित हो या किसी चुनौतियों का सामना करने से संबंधित। छात्रों को परीक्षा में सफलता के लिए शिक्षक एक सटीक और संक्षिप्त मंत्र दे सकते हैं। मंत्र 500 अक्षरों से अधिक नहीं होना चाहिए।

**• माता-पिता के लिए प्रतियोगिता:**

**-मेरे एग्जाम वारियर से मिली सीख:** अक्सर, बताया जाता है कि माता-पिता ने अपने बच्चों को क्या सिखाया। जबकि माता-पिता अपने बच्चों से भी बहुत कुछ सीखते हैं। माता-पिता के रूप में आपने घर के युवा एग्जाम वारियर से क्या सीखा? उत्तर 500 अक्षरों से अधिक नहीं होना चाहिए।

2. यह प्रतियोगिता केवल भारतीय नागरिकों के लिए खुला है, जो निवासी हैं।

3. किसी व्यक्ति को प्रतियोगिता में केवल एक बार भाग लेने की अनुमति है। एक ही प्रतिभागी से कई प्रविष्टियां मिलने पर प्रतिभागी अयोग्य करार दिया जाएगा।

4. प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण करने के लिए प्रतिभागियों को निम्नलिखित जानकारी प्रदान करनी होगी:

- **नाम**
- **मोबाइल नंबर (स्वयं / अभिभावक)**
- **घर का पता**
- **संस्थान का नाम**
- **संस्थान का स्थान**

www.rajteachers.com

Scanned by CamScanner

• बच्च का नाम आर स्कूल (माता-पिता के लिए)
• पदनाम (शिक्षकों के लिए)
• लिंग (पुरुष / महिला / अन्य)
• पिता / माता का नाम
• कक्षा
• जन्म की तारीख
• प्राचार्य का नाम
• प्राचार्य का मोबाइल नंबर
• स्कूल प्रबंधन: सरकारी, सहायता प्राप्त, निजी, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय
• जिले का नाम
• राज्य का नाम

5. कदाचार या अनियमितताओं के लिए किसी भी उपयोगकर्ता की भागीदारी को अयोग्य ठहराए जाने का अधिकार MyGov के पास है।

6. MyGov प्रतियोगिता के सभी या किसी भी हिस्से को रद्द करने या नियम और शर्तें / तकनीकी मानदंड / मूल्यांकन मानदंड में संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। हालाँकि, नियम और शर्तें / तकनीकी मानदंड / मूल्यांकन मानदंड, या प्रतियोगिता को रद्द करने से संबंधित किसी भी परिवर्तन को MyGov प्लेटफॉर्म पर अपडेट / पोस्ट किया जाएगा।

7. चयनित स्कूल के छात्रों, स्कूल छात्रों के अभिभावकों और स्कूल शिक्षक के यात्रा, आवास और अन्य विविध खर्च,सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

8. प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए कोई मौद्रिक पुरस्कार नहीं है।

9. अगर किसी प्रतिभागी को 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पे चर्चा 2.0 संवाद में भाग लेने के लिए चुना जाता है, तो उन्हें या उनके अभिभावक को तुरंत अपनी स्वीकृति ईमेल के जरिए भेजना होगा, ताकि उन्हें औपचारिक निमंत्रण भेजा जा सके।

10. सभी विवाद / कानूनी शिकायतें दिल्ली न्याय क्षेत्र के अधीन हैं। इस प्रयोजन के दौरान किए गए खर्च का वहन स्वयं पक्ष द्वारा किया जाएगा।

www.rajteachers.com

Click here to login and participate

Total Submissions (0)

Login to Submit Survey



Groups Do Discuss Poll/Survey

Activities

Be an active partner in nation
Participate in Groups, Tasks, Blogs and Talks. Contribute

Scanned by CamScanner